सीएसआईआर - केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान
पिलानी (राजस्थान) 333031

सं. 35/35/2020-रा भा

दिनांक : 16.09.2025

कार्यालय ज्ञापन

विषय : संस्थान में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा 2025, 'स्वच्छ भारत दिवस' तथा विशेष स्वच्छता अभियान 5.0 का आयोजन।

संदर्भ : 1. सीएसआईआर मुख्यालय का ईमेल, दिनांक 05 अगस्त, 21 अगस्त एवं 11 सितंबर, 2025
2. कैबिनेट सचिव, भारत सरकार का अशा.पत्र सं. 502/2/2/2024-CA.V,CA.III,दिनांक 30.07.2025
3. जलशक्ति तथा आवास व शहरी विकास मंत्रालय के सचिव का अशा पत्र सं.2/5/2024-SBM-IV

भारत सरकार एवं सीएसआईआर मुख्यालय एवं के दिशानिर्देशानुसार निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने संस्थान में निम्नलिखित कार्यक्रमों के आयोजन का सहर्ष अनुमोदन किया है :

1. **'स्वच्छता ही सेवा'** पखवाड़ा	-	17 सितंबर - 02 अक्टूबर, 2025
2. **'स्वच्छ भारत दिवस'**	-	02 अक्टूबर, 2025 **(गाँधी जयंती)**
3. विशेष स्वच्छता अभियान 5.0	-	02 - 31 अक्टूबर, **2025**

इन कार्यक्रमों के अंतर्गत आगामी दिनांक 17 सितंबर, 2025 को संस्थान परिसर में स्वच्छता गतिविधियों का शुभारंभ किया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से उपर्युक्त अवधि में ये गतिविधियाँ देश भर में आयोजित की जा रही हैं। इस अवधि के दौरान संस्थान के विभिन्न अनुभागों/प्रभागों/समूहों के प्रभारियों; प्रधानाचार्या, सीरी विद्या मंदिर तथा कॉलोनीवासियों द्वारा अपने-अपने सहयोगियों/मित्रों की मदद से अपने कार्य स्थल/विद्यालय/मोहल्ले की साफ-सफाई की जाएगी। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के मार्गदर्शन में दिनांक 17 सितंबर, 2025 को किया जाएगा। उपर्युक्त आयोजनों के दौरान आयोजित कार्यक्रमों की रूपरेखा (सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित) संलग्नक 1 एवं 2 में दी गई है।

सभी सहकर्मी अनुलग्नक 1 एवं 2 में उल्लिखित कार्य योजना का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा भारत सरकार के **स्वच्छ भारत अभियान** में व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक स्तर पर अपना सहयोग एवं योगदान दे कर इसे सफल बनाएं।

मधुरंजन 16/9/2025

(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

प्रतिलिपि (सूचना एवं अनुपालन हेतु) :

1. निदेशक सचिवालय
2. अध्यक्ष, विशेष स्वच्छता अभियान 5.0
3. प्रशासन नियंत्रक/वित्त एवं लेखा नियंत्रक
4. सभी समूह प्रमुख/विभागाध्यक्ष/अनुभागाध्यक्ष - सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु।
5. श्री किशन लाल, एमटीएस - सभागार में आवश्यक व्यवस्था हेतु।
6. अध्यक्षा/सचिव, सीरी कैफेटेरिया
7. सुरक्षा अधिकारी/सुपरवाइजर
8. सूचना पट्ट

अनुलग्नक 1

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी (राजस्थान) 333031
CSIR - CEERI, Pilani (Rajasthan) 333031

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025
(17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025)

कार्यक्रम

क्र.	दिनांक	गतिविधि	स्थान	उत्तरदायी अधिकारी अनुभाग/प्रभाग
1.	17 सितंबर, 2025	'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ	नेहरू पार्क/गाँधी हॉल	सीरी स्टाफ क्लब
2.	22-24 सितंबर, 2025	स्वच्छता गतिविधि	सेमीकंडक्टर एवं मेम्स प्रयोगशाला क्षेत्र	प्रभारी, संबंधित अनुभाग
3.	25 सितंबर, 2025	स्वच्छता के लिए श्रमदान	संस्थान परिसर	स्वच्छता समिति
4.	02 अक्टूबर, 2025	स्वच्छ भारत दिवस (गाँधी जयंती) पर पौधारोपण	संस्थान/कॉलोनी परिसर	डॉ मनीष मैथ्यू

कृपया सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/अनुभाग प्रभारी दिनांक 17 सितंबर, 2025 को प्रातः 10 बजे 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के शुभारंभ के अवसर पर अपने समूह/अनुभाग/विभाग के सहकर्मियों के साथ सीरी टॉवर के निकट उपस्थित हों।

मधुरंजन 16/9/2025

(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक

सीएसआईआर-सीरी, पिलानी (राजस्थान) 333031
CSIR - CEERI, Pilani (Rajasthan) 333031

विशेष स्वच्छता अभियान 5.0
(2-31 अक्टूबर, 2025)

कार्यक्रम

क्र.	दिनांक	गतिविधि	स्थान	उत्तरदायी अधिकारी अनुभाग/प्रभाग
1.	2 अक्टूबर, 2025 (गाँधी जयंती / स्वच्छ भारत दिवस)	स्वच्छता शपथ एवं वृक्षारोपण तथा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ	नेहरू पार्क/पुराना सभागार	सीरी स्टाफ क्लब डॉ मनीष मैथ्यू
2.	03-07 अक्टूबर, 2025	रिकार्ड प्रबंधन [(समीक्षा, छंटाई (वीडिंग आउट)]	सभी प्रशासनिक अनुभाग, भंडार एवं क्रय, ज्ञान संसाधन केंद्र	प्रभारी, संबंधित अनुभाग
3.	10-14 अक्टूबर, 2025	गहन स्वच्छता अभियान	सीरी कैफेटेरिया, अतिथि गृह, संपदा कार्यालय (सिविल एवं विद्युत)	प्रभारी, संबंधित अनुभाग/प्रभाग
4.	17-21 अक्टूबर, 2025	गहन स्वच्छता अभियान	सभी अनुभाग/वैज्ञानिक समूह	प्रभारी, संबंधित अनुभाग/प्रभाग
5.	24-28 अक्टूबर, 2025	गहन स्वच्छता अभियान	सीरी विद्या मंदिर, सीरी डिस्पेन्सरी, कॉलोनी	प्रभारी, संबंधित अनुभाग/प्रभाग
6.	31 अक्टूबर, 2025	आवश्यकतानुसार कुछ अन्य स्थलों पर स्वच्छता संबंधी कार्रवाई		स्वच्छता समिति

कृपया सभी विभागाध्यक्ष/समूह प्रमुख/ अनुभाग प्रभारी गाँधी जयंती (02 अक्टूबर, 2025) को प्रात: 10 बजे स्वच्छता शपथ के लिए सीरी टॉवर के पास एकत्र हों। साथ ही, स्वच्छता गतिविधियों के संबंध में अपने लिए निर्धारित अवधि के उपरांत किए गए कार्य की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रशासन नियंत्रक कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें ताकि समेकित रिपोर्ट परिषद मुख्यालय भिजवाई जा सके। कृपया स्वच्छता संबंधी कार्य / गतिविधि के फोटो वाट्सऐप्प के माध्यम श्री लोकेश टाक (मो. 8740081081 / श्री पृद्वी (मो. 9490233797) को अवश्य भेजें।

मधुरंजन 18/9/2025

(मधुरंजन पाण्डेय)
प्रशासन नियंत्रक